श्रम एवं रोजगार मंत्रालय का जयपुर में हुआ श्रम सम्मेलन

लेबर कोड और अन्य पहलुओं पर चर्चा

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के विभागों का जयपुर में क्षेत्रीय कार्यालय में क्षेत्रीय श्रम सम्मेलन का आयोजन हुआ। कर्मचारी राज्य बीमा निगम क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर के जनसंपर्क अधिकारी एसके पाण्डेय ने बताया कि केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय का जयपुर में दो दिवसीय क्षेत्रीय श्रम सम्मेलन का आयोजन केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार सचिव नंदना गुरनानी की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में लेबर कोड और इससे संबद्ध अन्य पहलुओं विषयों पर गहन चर्चा की गई। इस अवसर पर निगम के महानिदेशक अशोक कुमार सिंह ने ईएसआईसी योजनाओं, हितलाभी, संगठन तंत्र पर प्रकाश डालते हुए लाभार्थियों को मिलने वाले सामाजिक सुरक्षा के प्रावधानों से अवगत कराया। साथ ही लेबर कोड के अंतर्गत ईएसआईसी के योगदान पर बहुत चर्चा की गई। इस सम्मेलन में श्रम एवं उद्योगों से जुड़े सचिव, विशिष्ट अधिकारी और प्रतिनिधियों ने भाग लिया।